सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 123 | इंदौर, सोमवार 17 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## लालू-राबड़ी की जान को खतरा है? रोहिणी को FIR करना चाहिए

● RJD सुप्रीमो के घर लड़ाई पर बोली बीजेपी



**पटना, (एजेंसी)** बिहार के सबसे बड़े सियासी घराने में बवाल मचा हुआ है। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को किडनी देने वाली बेटी रोहिणी आचार्य ने लगातार दूसरे दिन रविवार को भी अपना दर्द साझा किया। दिल्ली से सिंगापुर जाने के क्रम में रोहिणी एक बार फिर अपने छोटे भाई और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, राजद सांसद संजय यादव और इनके करीबी रमीज पर हमलावर रहीं। अब बीजेपी के एक प्रवक्ता ने लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। इतना ही नहीं बीजेपी प्रवक्ता ने रोहिणी आचार्या को सलाह दी है कि उन्हें पूरे मामले में एफआईआर करनी चाहिए।

बीजेपी प्रवक्ता अजय आलोक ने एक्स पर लिखा, 'क्या लालू जी और राबड़ी देवी को क़ैद कर लिया गया हैं ?? जान पे खतरा ??? रोहिणी जी को एक FIR करवानी चाहिए साथ में तेज प्रताप भी रहे । मिसा क्यों चुप हैं ??' लालू प्रसाद यादव इससे पहले इसी साल अपने बड़े बेटे तेजप्रताप यादव को घर और पार्टी से बेदखल कर चुके हैं। अब तेजप्रताप की बहन और लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने आरोप लगाया है कि उनके साथ मारपीट की गई है।

रोहिणी आचार्य ने रविवार को आरोप लगाया कि भाई तेजस्वी यादव के कुछ सहयोगी उनके बारे में कह रहे हैं कि ''मैंने अपने पिता को गंदी किडनी'' दी और इसके बदले करोड़ों रुपये व पार्टी का टिकट लिया। आचार्य ने भावुक होते हुए 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा कि ''किसी घर रोहिणी जैसी बेटी न हो।''

### शक्ति के बिना शांति असंभव

## पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज नरवणे का US-चीन को लेकर बड़ा बयान

**देहरादून। देहरादून लिटरेचर फेस्टिवल में पूर्व सेनाध्यक्ष जनरल मनोज नरवणे ने भारत की विकास गति, सैन्य क्षमता, तकनीकी बदलावों और महिलाओं की समान भागीदारी पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। रक्षा बजट बढ़ाना ही होगा। शक्ति के बिना शांति असंभव है।**



नरवणे ने कहा कि हमारे सामने साल दर साल चुनौतियां बढ़ रही हैं। हमें खुद को तैयार करना होगा। आर्थिक रूप से हम अमेरिका और चीन से बहुत पीछे हैं। चीन हमारा बड़ा प्रतिद्वंद्वी है। हमारी आर्थिक प्रगति दोहरे अंकों में होनी चाहिए। तकनीक जिस तेजी से बदल रही है सेना को भी अधिक गतिशील होना होगा।

हमें एआई, मशीन लर्निंग, रिसर्च और विकास समेत कई दिशाओं में काम करना है। महिलाओं की भी सेना में भागीदारी बढ़ानी होगी। युवाओं को मिलिट्री प्रशिक्षण देना होगा। अग्निवीर जैसी योजनाएं देश के लिए बहुत लाभकारी हैं।

मनोज नरवणे ने कहा कि उनके लिए देहरादून दूसरा घर है। दून की यादें उनके जेहन में हमेशा रहती है। वह यहां भारतीय सैन्य अकादमी के कैडेट रहे। दून उनकी नजर में बेहद सुंदर नगर है। इसे अपनी सुंदरता कायम रखनी होगी।

### सुशासन संवाद 2.0 में सीएम यादव का मप्र विकास मॉडल प्रस्तुत

# जल प्रबंधन, संस्कृति, शिक्षा और रोजगार पर विशेष जोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राज्य शासन की विकास सोच, प्रशासनिक प्राथमिकताओं और भविष्य की दिशा को लेकर राजधानी भोपाल में आयोजित मध्य प्रदेश सुशासन संवाद 2.0 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विस्तृत रूप से अपना विजन रखा। पाञ्चजन्य द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश आज विकास, संस्कृति और संसाधनों के संतुलन के साथ आगे बढ़ने वाले राज्यों की श्रेणी में तेजी से शामिल हो रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच वर्षों पुराने जल विवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों राज्यों के बीच सहमति का रास्ता निकाल लिया गया है। उन्होंने इसे जल प्रबंधन में मध्य प्रदेश की उदार और व्यावहारिक नीति का उदाहरण बताया। उनका कहना था कि राज्य प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध है और नदी जोड़ो अभियान ने जल संसाधन प्रबंधन को मजबूत बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि यह मॉडल भविष्य में कई राज्यों के लिए मार्गदर्शक बन सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक मजबूत राज्य केवल बुनियादी ढांचा और आर्थिक सूचकांकों से नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक जड़ों से पहचान बनाता है। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में गीता जयंती मनाई जा रही है और गीता भवन के निर्माण की दिशा में भी कदम बढ़ाए गए हैं। उनका मानना है कि भारतीय ज्ञान परंपरा को समाज के केंद्र में लाने से सांस्कृतिक आत्मविश्वास बढ़ता है और सामाजिक जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।





#### शिक्षा में भारतीयता- कुलपति नहीं कुलगुरु

शिक्षा क्षेत्र में सुधारों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालयों में कुलपति की जगह कुलगुरु शब्द के उपयोग का निर्णय केवल नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि मूल्यों को केंद्र में लाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि शिक्षा अब केवल डिग्री प्राप्ति तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि कौशल, संस्कार और शोध-आधारित शिक्षा को बढ़ावा दिया जाएगा।

#### महिलाओं के सशक्तिकरण को शीर्ष प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने महिलाओं पर केंद्रित योजनाओं को राज्य की प्रमुख उपलब्धियों में गिना। उन्होंने कहा कि सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और आर्थिक स्वतंत्रता तीनों मोर्चों पर प्रदेश में ठोस पहलें हुई हैं। कौशल प्रशिक्षण, आर्थिक सहयोग, रोजगार के अवसर और महिलाओं- केंद्रित कल्याण योजनाओं से समाज में व्यापक परिवर्तन दिखाई दे रहा है।

#### रोजगार आधारित उद्योग नीति का मॉडल

युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के संकल्प को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों को मिलने वाली सब्सिडी और सरकारी लाभ उनके द्वारा दिए गए रोजगार से जोड़े जाएंगे। उनकी मान्यता है कि निवेश और रोजगार एक-दूसरे के पूरक होने चाहिए।

#### राजधानी के पर्यटन और सांस्कृतिक सौंदर्य पर विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री ने भोपाल की पहचान को नए अंदाज में प्रस्तुत करने की योजना साझा करते हुए कहा कि राजधानी के ऐतिहासिक महत्व को उजागर किया जाएगा। राजा भोज, विक्रमादित्य, भगवान राम और भगवान कृष्ण के नाम पर द्वार और मार्ग बनाए जा रहे हैं, ताकि भोपाल एक जीवंत सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सके।

#### कपास उद्योग को फिर मिल रही नई दिशा

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के आदिवासी अंचलों में कपास उत्पादन लंबे समय से होता आ रहा है, लेकिन पूर्व सरकारों की नीतियों के कारण इसका लाभ प्रदेश को नहीं मिला। वर्तमान सरकार ने स्थानीय प्रोसेसिंग और उद्योग को बढ़ावा देकर किसानों और युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए हैं।

#### हितेश शंकर ने भेंट किया स्मृति चिंह

कार्यक्रम के समापन पर पाञ्चजन्य के संपादक हितेश शंकर ने मुख्यमंत्री को संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर प्रकाशित विशेष अंक और स्मृति-चिह्न भेंट किया। इस दौरान संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी मंच पर उपस्थित रहे।

## बिहार में नई सरकार की शपथ ग्रहण की आ गई तारीख...

### गांधी मैदान में होगा समारोह, PM मोदी भी होंगे शामिल

**पटना, (एजेंसी)** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की प्रचंड जीत के बाद नई सरकार गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है. एनडीए की नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 20 नवंबर को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित होगा. इस भव्य शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे.



एनडीए ने 243 सदस्यीय विधानसभा में 202 सीटें हासिल कर ऐतिहासिक बहुमत हासिल किया है, जिसमें भाजपा को 89, जेडीयू को 85, एलजेएपी (रामविलास) को 19 और अन्य सहयोगियों ने 9 सीटें जीती हैं.

जेडीयू प्रमुख और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सुबह 11:30 कैबिनेट की अंतिम बैठक बुलाई है. इस बैठक में वर्तमान विधानसभा भंग करने का प्रस्ताव पारित किया जाएगा. बैठक के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से राजभवन जाकर अपना इस्तीफा सौंपेंगे. ये औपचारिकता नई सरकार गठन की दिशा में पहला कदम होगी. वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है, इसलिए सभी औपचारिकताएं निर्धारित समय से पहले पूरी की जा रही हैं.

# नए साल में मिलेगी नए स्वीमिंग पुल की सौगात

**इंदौर। नेहरू पार्क में नगर निगम चार करोड़ रुपये की लागत से स्वीमिंग पुल बनवा रहा है। इसका 85 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। अब जनवरी माह में इस शहरवासियों के लिए खोल दिया जाएगा। नगर निगम 40 वर्षों से रियायती फीस पर स्वीमिंग पुल की सुविधा तैराकी सीखने वालों को देता है।**



डेढ़ साल पहले पुराने स्वीमिंग पुल को तोड़कर नया बनाने का फैसला लिया गया था। पिछले दिनों मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने स्वीमिंग पुल का दौरा किया था। निर्माण में देरी होने पर उन्होंने ठेकेदार पर नाराजगी भी जताई थी और जनवरी माह तक काम हर साल में पूरा करने के लिए कहा था। निगम के पुराने स्वीमिंग पुल में तैराकी सीख कर कई तैराक देशभर में नाम कमा चुके है।इस स्वीमिंग पुल के निर्माण में देरी के साथ प्लानिंग में भी लापरवाही बरती गई। कंसलटेंट ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया। ठेकेदार ने पहले स्वीमिंग पुल बनाकर टाईल्स लगा दी। इसके बाद डायिंग टॉवर बना दिया। उसके लिए तराफे लगाए गए और स्लैब भी डाली गई तो नई टाइल्सें मलबा गिरने के कारण टूटने लगी थी। इसे लेकर कंसलटेंट को अफसरों ने फटकार भी लगाई थी। नए स्वीमिंग पुल में पानी भरने में भी दस दिन का समय लगेगा। पहले पुल के तीन फीट हिस्से को भरकर रिसाव को जांचा जाएगा। इसके बाद पुल को पूर्ण क्षमता तक पानी से भरा जाएगा। पुल में तीन सौ टैंकर से ज्यादा पानी लगेगा। इस कारण भरने में दस दिन का समय लगेगा। इसके बाद पुल शहरवासियों के लिए लोकार्पित किया जाएगा।

## होटल-धर्मशाला और लॉज में चेंकिंग की कार्रवाई लगातार जारी



**इंदौर**। शहर में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण तथा सुरक्षा व कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर संतोष कुमार सिंह के निर्देशन में शहर में होटल/धर्मशाला व लॉज, होस्टल, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों आदि में संदिग्धों की निगरानी के लिए विशेष चेंकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत इंदौर नगरीय क्षेत्र में बाहर से आकर काम करने वाले/रहने वाले कामगारों/श्रमिको/नौकरों, होटल में रुकने वालो तथा किराएदार आदि की जानकारी नियमित रूप से संबंधित पुलिस थानो पर देना आवश्यक है। इस हेतु पुलिस आयुक्त इंदौर द्वारा भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत इसका उल्लंघन करने वालो के वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसी अनुक्रम में इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा नगरीय क्षेत्र इंदौर में अभियान चलाकर कामगारों/श्रमिको/नौकरों व किरायेदारों आदि की जानकारी ना देने 22 मकान/व्यवसाय व होटल व हॉस्टल मालिकों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 223, 233 (ए) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

## शराब पीकर वाहन चलाने वाले 155 वाहन चालकों को पकड़ा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में अपराध व अपराधियों पर नियंत्रण हेतु पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में, एडिशनल कमिश्नर (का./व्य.) अमित सिंह व एडिशनल कमिश्नर (क्राइम) आरक. सिंह के दिशा निर्देशन में शहर के चारों जोन के नेतृत्व में, 15-16 नवंबर की दरमियानी रात से सुबह तक नगरीय इंदौर के संबंधित क्षेत्र के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ पुलिस फोर्स ने सभी थाना क्षेत्रों में गुंडे बदमाशों असामाजिक तत्व पर निगरानी एवं धरपकड़ के लिए सरप्राइज चैकिंग व कॉम्बिंग गश्त की गई। शराब पीकर वाहन चलाने वाले लापरवाह वाहन चालकों पर कड़ा प्रहार करते हुए, 155 वाहन चालकों के विरुद्ध 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई। और ये कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी ताकि शराब पीकर वाहन चलाते हुए लोगों की जान जोखिम में डालने वाले ऐसे लापरवाह वाहन चालकों की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जा सके। अवैध मादक पदार्थ का सेवन करने वालो के विरुद्ध 6 प्रकरण पंजीबद्ध कर एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई। वहीं सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब का सेवन करने वालों के विरुद्ध 23 प्रकरण पंजीबद्ध कर बदमाशों/असामाजिक तत्वों पर की वैधानिक कार्रवाई की। इस दौरान इंदौर पुलिस द्वारा गुंडे/बदमाशों व असामाजिक तत्वों की निगरानी करते हुए लगभग कुल 1065 बदमाशों को चेक करते हुए, उनमें से 511 पर उचित वैधानिक कार्रवाई की गई हैं, जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकरणों में वांछित कुल 214 से ज्यादा वारंटों को कराया गया तामील, जिसमें लंबे समय से फरार- 55-स्थाई, 72-गिरफ्तारी और 87-जमानती वारंट के साथ ही 61 समंस भी किए तामील। इस दौरान अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए।

# ऑटो रिक्शा का ज्यादा किराया मांगने के विवाद में युवक की हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चंदन नगर क्षेत्र में एक युवक की ऑटोरिक्शा चालक और उसके दो साथियों ने हत्या कर दी। मृत युवक संजू ठाकुर का ऑटोरिक्शा किराए को लेकर चालक से विवाद हुआ था। वह शनिवार रात एक शादी से लौट रहा था और घर जाने के लिए ऑटो रिक्शा को रोका था। पुलिस ने आरोपी चालक समेत तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।**

ज्यादा किराया मांगने की बात पर संजू का आरोपी रिक्शा चालक से विवाद हो गया था। इसी बीच रिक्शा चालक ने अपने दो साथियों को बुला लिया और संजू की पिटाई कर दी। इसके बाद उसे घायल अवस्था में जवाहर टेकरी पर छोड़ कर भाग गए।

रात को पुलिस को संजू के घायल पड़े होने की सूचना मिली थी। उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया। इसके सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोटें आई थीं। पुलिस उसके बयान नहीं ले पाई थी। पुलिस इसे हादसा मान कर चल रही थी। रविवार सुबह युवक की मौत हो गई, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में चोट के निशान पाए जाने पर हत्या का पता चला। शादी में संजू के दोस्त भी गए थे, लेकिन विवाद के समय वे डर कर भाग गए थे। बाद में संजू के दोस्तों ने पुलिस को रात में हुए विवाद की बात बताई। मृतक संजू पीथमपुर की एक पेंट फैक्टरी में काम करता था, लेकिन पिछले दिनों फैक्टरी में आग लग गई थी और वह बीते 10 दिन से घर पर ही था। वह अपने साथ काम करने वाले साथी की शादी में गया था। पुलिस ने संजू की हत्या करने वाले तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। आरोपियों ने पहले संजू को लात-घूसों से मारा, फिर धारदार हथियार से वार किए थे। संजू के परिवार में माता-पिता और एक भाई है।

## छेड़छाड़ मामले की कमेटी करेगी जांच

**इंदौर। इंदौर के SGSITS कॉलेज में छात्रा के साथ हरकत के बाद एचओडी को प्रभार, पढ़ाई और परीक्षा के काम से हटा दिया है। छात्रा की डायरेक्टर से शिकायत के बाद मामला कमेटी को सौंप दिया है। अब कमेटी इस पूरे मामले की जांच करेगी। हालांकि, एचओडी ने आरोपों को गलत बताया है।**

दरअसल, इंदौर के SGSITS कॉलेज में गुरुवार को एक छात्रा ने एचओडी संदीप घोंघाड़े की शिकायत कॉलेज डायरेक्टर से की थी। छात्रा ने शिकायत में बताया था कि वह इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट के एचओडी घोंघाड़े के केबिन में गई थी। इस दौरान अपनी परेशानी बताई तो एचओडी ने उसके कमर में हाथ डालकर कहा कि ईयर बैक हो गया है, लेकिन तुझे पास करा दूंगा। इससे छात्रा घबरा गई और रोते हुए कैबिन से बाहर आई। इस दौरान कैबिन से थोड़ा दूर खड़ी दूसरी फैकल्टी भी आश्चर्य में पड़ गई। डायरेक्टर से शिकायत के बाद मामला जांच कमेटी को सौंप दिया है। कमेटी पूरे मामले की जांच करेगी और अपनी जांच रिपोर्ट सौंपेगी।

## सरवटे से गंगवाल बस स्टैंड तक की सड़क पूरी करने की तैयारी, टूटेंगे दुकान- मकान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। सरवटे बस स्टैंड से गंगवाल बस स्टैंड तक की सड़क का आधा अधूरा काम पूरा करने के लिए नगर निगम अब तैयारी कर रहा है और पंढरीनाथ से मच्छी बाजार जाने वाले मार्ग पर बने वर्षों पुराने निगम मार्केट को तोडऩे की तैयारी है, इसमें करीब 250 से ज्यादा दुकानें हैं। अब दुकानदारों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए अपनी दुकानों के बाहर बैनर टांग दिए हैं, वहीं सामने के छोर पर भी कई मकान सडक़ की जद में आ रहे हैं और साथ ही पुलिस चौकी भी पूरी तरह टूटेगी। सरवटे टू गंगवाल सडक़ का काम नगर चंद्रभागा से कंबल वाली गली होते हुए पंढरीनाथ से मच्छी बाजार तक शुरू करने की तैयारी में है। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक कंबल वाली गली में भी कई बाधक मकानों को लेकर नोटिस दिए जा चुके हैं और वहां भी लोग सडक़ की चौड़ाई कम करने को लेकर अफसरों से मिले थे। यह सडक़ 80 फीट चौड़ी बनाई जानी है और पंढरीनाथ से लेकर मच्छी बाजार के बीच निगम का एक बड़ा मार्केट इसकी चपेट में आ रहा है, जिसमें 250 से ज्यादा दुकानें हैं, जो सालों पहले कई दुकानदारों को दी गई थीं। अफसरों के मुताबिक एक-दो दिनों में दुकान वालों को नोटिस देने की कार्रवाई शुरू होगी। उक्त क्षेत्र में भी सडक़ निर्माण के लिए मार्केट पूरी तरह टूटेगा, क्योंकि वह कान्ह नदी के छोर पर बना है, वहीं दूसरी और सामने के छोर पर भी करीब 15 से 20 मकान सडक़ की जद में आ रहे हैं। इसके साथ ही पंढरीनाथ थाने की पुलिस चौकी जो मच्छी बजार चौराहे पर बनी हुई है, वह भी पूरी तरह तोड़ी जाएगी। सडक़ की चौड़ाई कम करने और मार्केट तोड़े जाने को लेकर अब व्यापारी लामबंद हो गए हैं और उन्होंने अपनी दुकानों के बाहर बैनर टांग दिए हैं, जिसमें लिखा है कि ''मत करो ऐसा हठ और अन्याय से विकास, जिससे व्यापार और रहवासी का बंटाढार हो और जनमानस का विश्वास टूटे''। सभी दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर बैनर लगाए हैं और इस मामले में वे महापौर से लेकर जनप्रतिनिधियों के पास जाने वाले हैं।

## युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**इंदौर**। चंदन नगर थाना क्षेत्र के सिदौड़ा गांव में भी शनिवार रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक गोविंद (34) पुत्र मांगीलाल अपने दोस्त के साथ पहली मंजिल पर बैठकर शराब पी रहा था। उसी दौरान वह अचानक नीचे गिर गया। परिजन उसे पास के अस्पताल ले गए, लेकिन वहां उसकी मौत हो गई। गोविंद एक किसान के यहां मजदूरी करता था। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है।

# अद्भुत अनुपम भगवान मनमोहन पार्श्वनाथ प्रतिष्ठा महोत्सव, एतिहासिक रिकार्ड दर्ज

## आचार्य श्री ने बोले मंत्र...वेदी पर विराजे भगवान.. केसर चंदन और अक्षत की बौछार








@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। देश के श्वेतांबर जैन समाज का ऐतिहासिक आयोजन रविवार को इंदौर शहर में देखा गया, भगवान पार्श्वनाथ प्रतिष्ठा महोत्सव में पांचवें दिन प्रतिमाओं को वेदी पर बिठाया गया, सुबह से शाम तक अभिषेक पूजन अनुष्ठान गूंजते रहे, अक्षत की बौछार के साथ बधावे गाए गए। दूसरी एसजीएसआईटीएस कॉलेज में एक दिन में 35000 के करीब लोगों ने एक साथ चांदी सोने की कोटेड थालियां में भोजन किया जो वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए दर्ज हो गया है।

प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष जय सिंह जैन सचिव शैलेश अम्बोर ने बताया कि सुबह 6 बजे मंगल गान के साथ अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ इसके बाद सुबह 9 बजे से आचार्य विजय जयानंद सुरीश्वर जी, आचार्य विजय दिव्यानंद सुरीश्वर जी महाराज दिव्य अनुष्ठान भगवान मनमोहन पार्श्व, भगवान आदेश्वर, दादा गुरु राजेंद्र सुरजी, भगवान गौतम स्वामी एवं माता जी की प्रतिमाओं को वेदी पर बिठाने के लिए पूजन शुरू हुआ सर्वप्रथम गज (हाथी) से तोरण आनंदीलाल सागरमल अंबोर परिवार के दामाद त्रिशी दिशान अंबोर ने लगाया इसके बाद मानक खम्ब पूजन जय सिंह टीना जैन ने किया, भगवान को बेदी पर बिठाने से पहले जल चंदन केसर आदि से अभिषेक किया गया अक्षत की बौछार के साथ बधावे गान दिन भर चला , इस अवसर पर हजारों की संख्या में नवनिर्मित जिनालय पर श्वेतांबर जैन समाज जनों का जमावड़ा रहा, सुबह 9 तक 5000 से ज्यादा समाज जनों ने दर्शन लाभ लिया था।यह क्रम शाम तक रहा एवं अलग-अलग अनुष्ठान का दौरा जारी रहा। मुख्य ध्वजा केसरी मल सुनील कुमार, मुकेश, नितिन, श्रीधी परिवार, भगवान पार्श्वनाथ भगवान आदेश्वर, भगवान गौतम स्वामी प्रतिमा बेदी पर विराजित करने में राजेंद्र जयसिंह टांडा वाला, भगवान महावीर स्वामी प्रतिमा संतोष कुमार नितेश कुमार कपाड़िया, दादा गुरु राजेंद्र सुरीश्वर महाराज धनराज समरमल सघवी, गौतम स्वामी की ध्वजा अंकित कुमार निखिल कुमार शाह, दादा गुरु राजेंद्र सूरीजी की ध्वजा आनंदीलाल शैलेश कुमार अंबोर परिवार एवं रतनलाल दीपचंद परिवार आदि ने किया। शाम को मंदिर परिसर में 5000 दीपों से जगमग रोशनी की गई, खेल प्रशाल में भक्ति का आयोजन रहा। विशेष अतिथि प्रमुख रूप से कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत, मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, जैन समाज के राष्ट्रीय संगठन जीतो के अध्यक्ष पृथ्वीराज कोठारी, भाजपा प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे, राजेश जैन, वरिष्ठ पत्रकार राजेश चेलावत, जयंतीलाल बाफना, भारत मोदी, मनोज बाहेती, प्रकाश भटेवरा आदि ने आयोजन विशाल जन समुदाय को संबोधित कयिा। इस अवसर पर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड के लिए पत्र भी आयोजकों को सौंपा गया। आयोजन में मुख्य रूप से टीना जैन, शीतल अंबोर, राजेंद्र सुराणा, आनंदीलाल अंबोर, धनराज संघवी, सुनील जैन अशोक जैन आदि प्रमुख भूमिका में रहे। भगवान मनमोहन पार्श्वनाथ प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत दो दिनों से हजारों की संख्या में एसजीएसआईटीएस कॉलेज में बने पंडालों में भोजन चल रहा है। रविवार अल सुबह से ही मध्यप्रदेश राजस्थान गुजरात महाराष्ट्र सहित देशभर के अनेक राज्यों से हजारों की संख्या में जैन समाजजनों का आगमन लगातार जारी रहा।

# पुजारी की पत्नी की संदिग्ध मौत

## ●तीन दिन पहले बिगड़ी थी तबीयत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजयनगर इलाके के प्रसिद्ध कालका माता मंदिर के पुजारी की पत्नी की शनिवार रात संदिग्ध हालत में निजी अस्पताल में मौत हो गई। रविवार को विजयनगर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस मौत के कारणों को लेकर जांच कर रही है।**

विजयनगर पुलिस के मुताबिक कालका माता मंदिर के पुजारी राहुल यादव की पत्नी तमन्ना यादव की शुक्रवार को तबीयत बिगड़ी थी। उन्हें उपचार के लिए लसूडिया इलाके के विवेक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शनिवार रात 11 बजे उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों की शादी को 6 माह ही हुए थे। हालांकि नवविवाहिता को लेकर पूरे मामले की जांच एसीपी स्तर के अफसर करेंगे। पंडित राहुल यादव हिंदूवादी संगठन से जुड़े हैं। मंदिर पर कई बड़े आयोजन भी करवाते हैं।

वहीं, लसूडिया इलाके के ब्रिटिश पार्क में रहने वाले विजय मीणा ने सिमरोल इलाके के ओखलेश्वर रोड पर शनिवार शाम जहर खा लिया था। जहर खाने के बाद उन्होंने परिचित को कॉल किया। इसके बाद परिवार के लोग वहां पहुंचे थे। उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन यहां रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। विजय मीणा बफानीं धाम के यहां पर टेलरिंग की दुकान चलाते हैं। परिवार के लोगों के मुताबिक उन पर कर्ज हो गया था। जिसमें कर्ज वाले घर और दुकान के चक्कर लगा रहे थे।

# इंदौर के डॉक्टर को लूटने वाला पंजाब से गिरफ्तार

## ●गुजरात जाते समय लिफ्ट लेकर नशीला कोल्ड ड्रिंक पिलाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर से वेटनरी डॉक्टर के लापता होने की गुत्थी आखिर सुलझ गई है। डॉक्टर के होश में आने पर दिए गए बयान के आधार पर पुलिस ने अपहरण और लूट की FIR दर्ज की। मामले का मुख्य आरोपी अमन (मोहाली, पंजाब) वडोदरा क्राइम ब्रांच की मदद से गिरफ्तार कर लिया गया है।**

आरोपी ने डॉक्टर को यात्रा एप पर संपर्क किया, रास्ते में कोल्ड ड्रिंक में नशा मिलाकर पिलाया और डॉक्टर के ATM–क्रेडिट कार्ड से करीब 3 लाख रुपए निकालकर फरार हो गया था। टीआई तारेश सोनी के अनुसार 5 नवंबर को इंदौर निवासी वेटनरी डॉक्टर हरी सिंह रघुवंशी (50) गुजरात के आणंद शहर में संदिग्ध अवस्था में मिले थे। वे कंपनी द्वारा दिए गए फ्लैट में रहते हैं और सप्ताहांत पर कभी-कभी इंदौर आते-जाते हैं। डॉक्टर ने बताया कि वे यात्रा के लिए एक एप का उपयोग करते हैं। 3 नवंबर की रात एप पर इंदौर से वडोदरा जाने का प्लान अपडेट किया, जिसके बाद "अमन" नाम के युवक का मैसेज और कॉल आया। उसने कहा कि वह भी गुजरात जा रहा है और साथ में चलना चाहता है। अमन ने खुद को आयुर्वेदिक कंपनी का कर्मचारी बताया और कहा कि वह इंदौर मीटिंग के बाद वापस लौट रहा है। डॉक्टर ने उसे विजयनगर सर्कल पर मिलने के लिए बुलाया, जहां 5 नवंबर की सुबह 5 बजे दोनों रवाना हुए।

डॉक्टर के मुताबिक आरोपी यात्रा के दौरान मंकी कैप और फेस मास्क लगाए रहा। वेरिफिकेशन के लिए डॉक्टर ने अपने पंजाब निवासी दोस्त से अमन की फोन पर बात भी कराई। दोनों ने पंजाबी में बातचीत की, जिससे डॉक्टर को भरोसा हो गया। गोधरा बाइपास के पास आरोपी ने बैग से दो कोल्ड ड्रिंक की बोतलें निकालीं। एक उसने खुद पी ली और दूसरी डॉक्टर को ऑफर की। पहले डॉक्टर ने मना किया, लेकिन अमन ने कहा— "स्ट्रॉबेरी फ्लेवर है, अच्छा लगेगा।" कुछ घूंट पीते ही डॉक्टर को अजीब स्वाद लगा और जल्द ही वे चक्कर में खो गए। तब अमन ने कार चलाने का प्रस्ताव रखा। कुछ देर बाद डॉक्टर बेहोश हो गए। कई घंटों बाद जब डॉक्टर को होश आया, तो उनकी कार को नगर निगम की टीम टो करती मिली। परिजन भी मौके पर पहुंच चुके थे। चेक करने पर पता चला कि आरोपी उनके डेबिट कार्ड से 2 लाख और क्रेडिट कार्ड से 1 लाख रुपए निकाल चुका था।

# 23 नवंबर से इंदौर में शुरू होगी आर्मी भर्ती

## 15 जिलों के युवा आजमाएंगे किस्मत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सेना भर्ती कार्यालय महू (मध्य प्रदेश) द्वारा अग्निवीर भर्ती रैली 2025-26 का आयोजन 23 नवंबर से 05 दिसंबर 2025 तक देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, इंदौर में किया जाएगा। इंदौर और उज्जैन संभाग के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अग्निवीर ऑनलाइन सामान्य परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे अभ्यर्थी अग्निवीर भर्ती रैली में शामिल हो सकेंगे। अग्निवीर भर्ती रैली में इंदौर और उज्जैन संभाग के कुल 15 जिले इंदौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर, उज्जैन, देवास, मंदसौर,



नीमच, रतलाम, आगर मालवा और शाजापुर शामिल है।

उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को रैली के लिए प्रवेश-पत्र ईमेल आईडी एवं इंडियन आर्मी की वेबसाइट www.joinindiarmy.nic.in पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। रैली के दिन अभ्यर्थियों को अपना प्रवेश पत्र सहित सभी मूल दस्तावेज और रंगीन फोटो लेकर उपस्थित होना होगा। भर्ती कार्यालय महू द्वारा बताया गया कि संपूर्ण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है एवं इसमें बिचौलियों की किसी भी प्रकार से कोई भूमिका नहीं है। सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया योग्यता पर आधारित है।

**हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें-** अभ्यर्थियों से अपील है कि वे प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करें। अधिक जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय महू के हेल्पलाइन नंबर 7648815570 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मक्सी अब ग्रीन मैनूफैक्चरिंग हब के रूप में जाना जाएगा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## उज्जैन और शाजापुर हैं जुड़वा भाई, उज्जैन के विकास का लाभ मिल रहा शाजापुर को भी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मक्सी, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मालवा क्षेत्र, जो अपनी मीठी संस्कृति और उर्वर भूमि के लिए मशहूर है, अब ग्रीन एनर्जी का हब बनने जा रहा है। यह क्षेत्र विकास के नए संकल्पों के साथ नई ऊर्जा और उमंग से प्रदीप्त हो रहा है। शाजापुर जो सोने और नमकीन के लिए जाना जाता है, अब अपनी औद्योगिक प्रगति के लिए भी पहचाना जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से उज्जैन-शाजापुर की पुण्यधरा हरित ऊर्जा उत्पादन में उपयोग होने वाले सभी उपकरणों का प्रोडक्शन सेंटर बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि मक्सी नगर अब सेंट्रल इंडिया के ग्रीन मैनुफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित होकर अपनी नई पहचान कायम करेगा। इससे यहां के किसानों को अपने ही क्षेत्र में प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और भंडारण की भी सुविधा मिलेगी।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को शाजापुर जिले के औद्योगिक प्रक्षेत्र मक्सी के दशहरा मैदान में विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मक्सी नगर में करीब 8174 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 6 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इसमें चार इकाइयों का भूमिपूजन एवं दो इकाइयों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने करीब 384 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से उज्जैन से मक्सी तक निर्मित होने वाली करीब 38.95 किलोमीटर लम्बी फोर लेन रोड़ निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में अपनी पावन परम्पराओं की चमक, प्रगति एवं समृद्धि की नई रौशनी और विकसित भविष्य की आहट सुनाई दे रही है। हम प्रदेश के युवाओं के सपनों में विकास के नए रंग भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की सरकार में हमारा मध्यप्रदेश समृद्धि और प्रगति की अनवरत यात्रा पर अग्रसर है। आज मक्सी औद्योगिक क्षेत्र में हुआ विभिन्न नवीन औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन की एक-एक ईंट मालवा क्षेत्र की नई ऊर्जा और विकास का आधार बनेगी। गाय पालने वाले लोगों को हम 40 रुपए प्रति गौमाता अनुदान देंगे। हम गीता जयंती भी हर्ष और आनंद के साथ मनाएंगे। साथ ही प्रदेश के सभी नगरों में गीता भवन भी बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन और शाजापुर जुड़वा भाईयों की तरह हैं। उज्जैन में हो रहे विकास का लाभ शाजापुर को भी बराबर मिल रहा है। इन दिनों शाजापुर जिले में विकास का नया सैलाब आ रहा है। शुजालपुर में आयुर्वेदिक कॉलेज और शाजापुर में मेडिकल कॉलेज बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने 15 नवम्बर को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस मनाया है। प्रदेश के जनजातीय भाईयों के कल्याण के लिए हम कोई कमी नहीं रखेंगे। उन्होंने कहा कि अब जनजातीय कार्य विभाग के अधीर कन्या शिक्षा परिसर/आश्रम/छात्रावास महारानी दुर्गावती के नाम से जाने जाएंगे। इसी तरह बालक छात्रावास महाराजा शंकर शाह के नाम पर संचालित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज शाजापुर जिले को डबल गिफ्ट मिल रहा है। औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के साथ शाजापुर को कई विकास कार्यों की सौगातें भी दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज यहां 487 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से 20 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन सम्पन्न हुआ है। छह औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन और लोकार्पण से यहां 8174 करोड़ रुपये से अधिक का पूंजी निवेश आएगा। इससे इस क्षेत्र के 15 हजार से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री इंदर सिंह परमार, उज्जैन सांसद श्री अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सदस्य श्री उमेशनाथ महाराज, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक डॉ. राजेश सोनकर, श्रीमती कलावती यादव, सुश्री बबीता सहित बड़ी संख्या में मक्सी, शाजापुर, देवास, उज्जैन एवं अन्य जिलों से आए किसान एवं नागरिक उपस्थित थे।

## जयाप्रदा ने महाकाल दर्शन किए, धर्मेंद्र के स्वास्थ्य की कामना



**उज्जैन। अभिनेत्री और भाजपा नेता जयाप्रदा ने रविवार को विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल की पूजा की। इस दौरान जयाप्रदा ने अभिनेता धर्मेंद्र के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने बिहार में एनडीए की जीत को प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और जनता का उन पर विश्वास बताया।**

मीडिया से बातचीत में जयाप्रदा ने कहा कि महाकाल के दरबार से कोई खाली हाथ नहीं जाता। उन्होंने बिहार चुनाव में एनडीए की जीत को मोदी की गारंटी और जनता का विश्वास बताया। जयाप्रदा ने कहा कि जनता चाहती है कि एनडीए सरकार सत्ता में रहे। उन्होंने धर्मेंद्र के जल्द स्वस्थ होने की भी प्रार्थना की। जयाप्रदा ने महाकाल मंदिर समिति द्वारा की गई दर्शन व्यवस्था की सराहना की। मंदिर प्रशासन की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने उन्हें प्रसाद और दुपट्टा भेंट कर सम्मानित किया। गौरतलब है कि अभिनेत्री जयाप्रदा अक्सर बाबा महाकाल के दर्शन के लिए आती रहती हैं। वह सितंबर माह में भी भगवान के दर्शन करने पहुंची थीं।

## नर्मदा परिक्रमा पर निकले 65 साल के सुल्तान खान

**बड़वानी।** कार्तिक पूर्णिमा से शुरू हुई करीब 3500 किलोमीटर की नर्मदा परिक्रमा में इस बार एक अलग तरह के श्रद्धालु भजन गाते हुए कदम बढ़ा रहे हैं। रास्ते में जब उन्हें कोई हिंदू नजर आता है तो वे हर-हर नर्मदे कहते हैं। लेकिन, जब कोई मुस्लिम दिखे तो उससे अदब के साथ अस-सलाम-अलैकुम कहना नहीं भूलते। नर्मदा परिक्रमा के यात्रियों के बीच से अस-सलाम-अलैकुम सुन सामने वाला चौंक जाता है। दरअसल, ये शख्स 65 साल के सुल्तान खान हैं। हरदा जिले के अफगांव कलां गांव के रहने वाले हैं। अंजड़ में रविवार सुबह वे नर्मदा परिक्रमा यात्रियों के लिए लगाए गए भंडारे में प्रसाद लेने के बाद आराम कर रहे हैं।

## शिक्षक घर में घुसा, हाथ पकड़कर कहा- तू बहुत अच्छी लग रही है...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी।** रावटी थाना क्षेत्र के गांव उमरन में एक छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपित गांव का ही 50 वर्षीय शासकीय प्राथमिक स्कूल का शिक्षक गोविंद कसावत है। घटना शनिवार दोपहर की बताई जा रही है, जब आरोपित ने छात्रा का पीछा करते हुए उसे घर में अकेला पाकर बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ लिया। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित शिक्षक के खिलाफ छेड़छाड़ और पोक्सो एक्ट समेत कई धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।



पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह अपने परिवार के साथ रहती है। शनिवार को उसके स्कूल की छुट्टी थी। उसके भैया रोज की तरह अनाज की दुकान पर गए थे, जबकि मम्मी-पापा और भाभी काम से रतलाम गए थे। दोपहर करीब 3:30 बजे वह खेत पर चने देखने गई थी। वापस लौटते समय आरोपित गोविंद कसावत उसका पीछा करते हुए घर तक आ पहुंचा। गोविंद ने इशारे से कहा तू बहुत अच्छी लग रही है, तेरा नंबर दे। छात्रा ने मना कर दिया। जब छात्रा ताला खोलकर घर के अंदर गई, तो गोविंद ने कहा तुझे पैसे दूंगा, मुझे घर के अंदर आने दे, और जबरदस्ती घर में घुस आया। छात्रा ने पुलिस को बताया कि आरोपित गोविंद ने उसे अकेला पाकर बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ा। घबराकर उसने जोर से चिल्लाया और घर से बाहर निकल गई। आवाज सुनकर आरोपित गोविंद डर गया और अपने घर चला गया। छात्रा ने बताया कि बाद में वह आरोपित गोविंद के घर गई और पूछा कि उसे नंबर क्यों चाहिए। इस पर गोविंद बोला मेरे घर अंदर आ, तब समझाता हूं। छात्रा ने मना कर दिया। इसके बाद आरोपित ने हाथ जोड़ते हुए कहा कि किसी को मत बताना, नहीं तो नौकरी चली जाएगी और धमकी दी की घरवालों को बताया तो जान से खत्म कर दूंगा। छात्रा घर लौटी और पिता को फोन करके पूरी घटना बताई।

## स्पीड में ट्रॉली में घुसी फॉर्च्यूनर, पांच युवकों की मौके पर ही मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। ग्वालियर में रविवार सुबह एक फॉर्च्यूनर अचानक आगे चल रही रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में जा घुसी। हादसे में गाड़ी में सवार सभी पांच युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में जान गंवाने वाला 24 साल का प्रिंस, कारोबारी उमेश राजावत के तीन भाइयों में इकलौता बेटा था। उसके पिता का तेल और रियल एस्टेट का कारोबार है।**

प्रिंस की शादी की तैयारी भी चल रही थी। उसके लगातार रिश्ते आ रहे थे। अगले साल उसकी शादी होनी थी, लेकिन पिता का उसे घोड़ी पर बैठाने का सपना उसकी मौत के साथ ही टूट गया। प्रिंस की मौत की खबर के बाद पूरा परिवार सदमे में है।

बता दें, ग्वालियर में रविवार सुबह हुए हादसे के दौरान फॉर्च्यूनर करीब 150 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। इसी वजह से वह रेत से भरी ट्रॉली से इतनी जोरदार टकराई कि आगे की बॉडी के परखच्चे उड़ गए। पूरा इंजन चकनाचूर हो गया। स्टीयरिंग टूट गई, स्पीड मीटर उड़ गया और एयरबैग भी फट गया। स्पीडो मीटर में अंतिम स्पीड 151 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज हुई थी। एक्सपर्ट्स के अनुसार, इतनी तेज रफ्तार में गाड़ी को कंट्रोल करना बेहद मुश्किल होता है। हादसे में मृतक प्रिंस के पिता उमेश राजावत शहर के बड़े कारोबारी हैं। उनका शनिचरा के पास तेल मिल कारखाना है। रात आठ बजे वह इसी फॉर्च्यूनर से शनिचरा से घर लौटे थे। उसके बाद प्रिंस अपने दोस्तों के साथ जाने के लिए इसी से निकल गया। उसने किसी को कुछ बताया भी नहीं था। प्रिंस सभी का लाड़ला था। राजावत परिवार के पास लग्जरी गाड़ियों का काफिला है, इसलिए इससे किसी को कोई परेशानी भी नहीं थी।

## संपादकीय

# सेना अपनी रणनीति को लगातार सुधारती रही

पाकिस्तान सीमा के पास हुए बड़े त्रि-सेवा अभ्यास 'त्रिशूल' में नई बनाई गई एकीकृत 'रुद्र' ऑल-आर्म्स ब्रिगेड के सफल परीक्षण के बाद सेना अब अपनी पुरानी ' कोल्ड स्टार्ट ' सैन्य नीति को ' कोल्ड स्ट्राइक ' में बदलने पर विचार कर सकती है, ताकि दुश्मन के इलाके में और तेज प्रभावी हमले किए जा सकें। यह बदलाव इसलिए जोर पकड़ रहा है क्योंकि साउदर्न कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने कहा कि कोणार्क कोर के तहत कार्यरत रुद्र ब्रिगेड की युद्धक तैयारियों को रेगिस्तानी क्षेत्र में 'अखंड प्रहार' अभ्यास के दौरान पूरी तरह प्रमाणित किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल सेठ के अनुसार अब समय आ गया है कि कोल्ड स्टार्ट को कोल्ड स्ट्राइक में बदला जाए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रुद्र ब्रिगेड बहु-डोमेन ऑपरेशन में भी सफल रहेगी और दुश्मन के खिलाफ अपने मिशन को प्रभावी तरीके से अंजाम दे सकेगी। सेना ने कोल्ड स्टार्ट रणनीति 2001 संसद हमले के बाद बनाई थी, जब ऑपरेशन पराक्रम के दौरान पाक सीमा तक पहुंचने में उसकी स्ट्राइक फॉर्मेशन को लगभग एक महीना लग गया था। इस देरी के कारण पाकिस्तान को अपनी रक्षा मजबूत करने का समय मिल गया और अमेरिका ने भी भारत पर कार्रवाई रोकने का दबाव बनाया। तब से सेना अपनी रणनीति को तेज और सीमित अभियानों के लिए लगातार सुधारती रही है, खासकर पाकिस्तान की पहले परमाणु हमले की नीति के खतरे को ध्यान में रखते हुए। अब 11.5 लाख सैनिकों वाली भारतीय सेना अपनी लगभग 250 सिंगल-आर्म ब्रिगेडों में से कुछ को रुद्र ऑल-आर्म्स ब्रिगेड में बदल रही है। इन ब्रिगेडों में पैदल सेना, मैकेनाइज्ड इंफेंट्री, टैंक रेजिमेंट, तोपखाना, वायु रक्षा, इंजीनियर, सिग्नल, ड्रोन यूनिट्स तथा लॉजिस्टिक और कॉम्बैट सपोर्ट सभी शामिल होंगे, ताकि वे शांति काल में भी एक संगठित और तेजी से तैनात होने वाली लड़ाकू इकाई बन सकें। चीन सीमा पर पहले से दो रुद्र ब्रिगेड तैनात हैं एक पूर्वी लद्दाख में और दूसरी सिक्किम में। हर रुद्र ब्रिगेड को उसके ऑपरेशन क्षेत्र और इलाके के हिसाब से अलग ढंग से तैयार किया जाएगा। अखंड प्रहार अभ्यास में कोणार्क कोर की पूर्ण युद्धक तैयारी को परखा गया। इसमें मैकेनाइज्ड और पैदल सेना की संयुक्त चालें, रुद्र ब्रिगेड 'ब्लैक मेस' द्वारा जमीन पर कार्रवाई, विशेष हेलिबोर्न ऑपरेशन और हमला हेलीकॉप्टर मिशन शामिल थे। इस अभ्यास में थल सेना और वायुसेना के बीच बेहतरीन तालमेल भी देखने को मिला, जिसमें लड़ाकू विमान जमीन पर तैनात सैनिकों को क़रीबी समर्थन दे रहे थे।

## OSHO कहिन

"जब आप खुद को खोज लेते हैं, तो आपको खुशी की तलाश नहीं करनी पड़ती।"



## सैर सपाटा

# दिसंबर में परिवार संग घूमने के लिए परफेक्ट हैं ये जगहें

## कम बजट में बनेगी यादगार ट्रिप

दिसंबर साल का आखिरी महीना होता है, ऐसे में जो लोग अपनी छुट्टियां बचाकर रखते हैं, वह घूमने का प्लान बना लेते हैं। अगर आप फैमिली ट्रिप पर कही जाने की प्लानिंग कर रहे हैं। तो भारत की कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में हम आपको बताने जा रहे हैं। आप इन जगहों पर कम बजट में यादगार ट्रिप का मजा ले सकते हैं, यहां की शांति, खूबसूरती आपका मन मोह लेगी।



### असम

हरे-भरे जंगलों, चाय के बगानें, ऊंचे पहाड़ों को देखना चाहते हैं, तो असम की वादियों में जाएं। असम में घूमने के लिए टी गार्डन, काजीरंगा नेशनल पार्क, कामाख्या मंदिर, सिवासागर जैसी तमाम चीजें हैं। असम में घूमने और जाना ज्यादा महंगा भी नहीं है।

### दार्जिलिंग

भारत के सबसे खूबसूरत हिल स्टेशनों में से एक है दार्जिलिंग। यहां का मौसम हर वक्त सुहाना रहता है और यहां पर आप टॉय ट्रेन, टाइगर हिल्स, तासिया लूप, जापानी मंदिर और रॉक गार्डन जैसी जगहों पर घूम सकते हैं। दार्जिलिंग का लोकल फूड खाना बिल्कुल न भूलें।

### उदयपुर

परिवार के साथ आप रॉयल सिटी भी घूमने जा सकते हैं। जी हां, फैमिली ट्रिप के लिए उदयपुर भी बेहतरी जगहों में से एक है। उदयपुर को सिटी ऑफ लेक्स कहा जाता है और यहां पर ऐतिहासिक महल आपको इतिहास से रूबरू कराएंगे।

### जैसलमेर

राजस्थान का गोल्डन सिटी जैसलमेर भी दिसंबर में घूमने के लिए बेहतरीन जगहों में से एक है। जैसलमेर में दिसंबर में भी ज्यादा ठंड नहीं होती है और यहां पर रेगिस्तान में ऊंट की सवारी का मजा ले सकते हैं। जैसलमेर में भी आप इतिहास से जुड़ी चीजें देख सकते हैं।

### शिमला

बर्फबारी का मजा परिवार संग लेना चाहते हैं, तो हिमाचल के खूबसूरत शहर शिमला जाएं। शिमला में घूमने के अलावा आप बर्फ वाली एक्टिविटीज भी कर सकते हैं। यहां पर स्नोफॉल का नजारा भी अद्भुत होता है।

### कैसे करें प्लान

आप कहां जाना चाहते हैं वहां के बारे में पूरी जानकारी निकाल लें। फिर वहां के मौसम और घूमने की जगहों के बारे में जानें। इससे आपको जगह का चुनाव करना आसान हो जाएगा। जो भी डेस्टिनेशन आप चुनें, वहां के लिए पहले से ही होटल बुकिंग कर लें। दिसंबर के महीने में ट्रैवल प्लेसेस पर काफी रश रहता है।

New Delhi

# दिल्ली ब्लास्ट में NIA को बड़ी कामयाबी, उमर को कार उपलब्ध कराने वाला कश्मीरी युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** लाल किला के पास हुए कार बम ब्लास्ट की जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी सफलता मिली है. जांच एजेंसी ने इस भयावह हमले में उमर की मदद करने वाले एक कश्मीरी व्यक्ति आमिर को जांच एजेंसी ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है. जांचकर्ताओं के अनुसार, 10 नवंबर को हुए विस्फोट में इस्तेमाल कार आमिर के नाम पर रजिस्टर्ड थी.

एनआईए के मुताबिक, आमिर ने राजधानी दिल्ली की यात्रा कर आत्मघाती हमलावर डॉ. उमर उन नबी को वाहन उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. ये वाहन बाद में व्हीकल-बॉर्न इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव



डिवाइस (वीबीआईईडी) में तब्दील कर दिया गया. एजेंसी ने बताया कि आमिर ने फरीदाबाद के अल-फलाह यूनिवर्सिटी में जनरल मेडिसिन के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. उमर उन नबी के साथ मिलकर लाल किले के पास बम विस्फोट की साजिश रची थी. इसके अलावा जांच एजेंसी ने उमर की एक अन्य कार भी जब्त कर ली है, जिसकी फोरेंसिक जांच चल रही है ताकि अतिरिक्त सबूत जुटाए जा सकें. उधर, एनआईए ने अब तक इस हमले के षडयंत्र की पड़ताल करते हुए 73 गवाहों से पूछताछ की है, जिनमें विस्फोट में घायल हुए कई लोग शामिल हैं. साजिश की हर कड़ी को जोड़ने की कोशिश में एजेंसी दिल्ली पुलिस, जम्मू-कश्मीर पुलिस, हरियाणा पुलिस, उत्तर प्रदेश पुलिस और अन्य केंद्रीय यूनिटों के साथ मिलकर काम कर रही है।

Uttarpradesh

## राम मंदिर ध्वजारोहण

### चुना गया 30 मिनट का श्रेष्ठ मुहूर्त आठ हजार विशिष्ट मेहमान होंगे शामिल; मोबाइल फोन बैन



**अयोध्या, (एजेंसी)** राम मंदिर में 25 नवंबर को होने वाला ध्वजारोहण समारोह स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय समारोह की गरिमा के साथ संपन्न होगा। वैदिक परंपराओं और आधुनिक शिष्टाचार के बीच सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित शुभ मुहूर्त में ध्वजारोहण की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। इसी अवधि के भीतर चुने गए 30 मिनट के श्रेष्ठ मुहूर्त में ध्वज फहराया जाएगा। यह मुहूर्त दोपहर 12 से 12:30 बजे तक होगा।

समारोह की सबसे महत्वपूर्ण घड़ी वह क्षण होगा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत स्वतंत्रता दिवस के अनुरूप ही ध्वज फहराने की प्रक्रिया पूरी करेंगे। ध्वज को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सलामी दी जाएगी। शंखनाद, ढोल-नगाड़ों और मंगल वाद्य की ध्वनि पूरे परिसर में गूंजेगी। ध्वज फहराते ही मंदिर परिसर में घंटे-घड़ियाल बजने लगेंगे। समारोह को उसी शिष्टाचार के साथ आयोजित किया जा रहा है जैसा राष्ट्रीय पर्वों पर देखने को मिलता है। ध्वजारोहण की पूरी प्रक्रिया सेना के अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी की जाएगी। परिसर को पारंपरिक ध्वजों, पुष्प और दीप से सजाया जा रहा है। शहरभर में सुरक्षा, यातायात और आगंतुकों की सुविधा की विशेष व्यवस्था की गई है। राम मंदिर के ध्वजारोहण समारोह में 25 नवंबर को आगमन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में रोड शो भी कर सकते हैं।

Bihar

## बेतिया-बगहा हाईवे पर भीषण हादसा, तीन लोगों की मौत, 15 घायल

**तिरहुत-मुजफ्फरपुर, (एजेंसी)** बेतिया-बगहा नेशनल हाईवे पर मंगलवार देर रात भीषण हादसा में तीन लोगों की मौत हो गई और 15 लोगों की हालत गंभीर है। घटना शिकारपुर थाना क्षेत्र के बिशुनूर्वा गांव के पास की है। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे बारातियों के समूह को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी गंभीर रूप से जख्मी लोगों को लौरिया सीएचसी में भर्ती कराया। कई घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर करने की प्रक्रिया जारी है। लौरिया सीएचसी पहुंचने पर स्थिति एक बार फिर तनावपूर्ण हो गई। घायलों के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। आरोप है कि इलाज में देरी और अव्यवस्था के कारण बारातियों में आक्रोश फैल गया। हंगामे के दौरान कुछ डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी डर के कारण कमरों में छिप गए, जबकि मारपीट की घटनाएं भी सामने आईं।

Rajasthan

## थार के लिए पत्नी का मर्डर...बीजेपी नेता पर दहेज हत्या का आरोप, चुपचाप कर रहे थे अंतिम संस्कार

**भरतपुर, (एजेंसी)** राजस्थान के भरतपुर जिले में दहेज के लिए कथित हत्या का एक गंभीर मामला सामने आया है. सेवर थाना क्षेत्र की गणेश कॉलोनी में रहने वाली प्रियंका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद उसके ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं. मृतका के पति आकाश, जो भाजपा युवा मोर्चा में जिला महामंत्री के पद पर रह चुका है, और उसके परिवार पर मृतका के पिता ने दहेज हत्या का मामला दर्ज करवाया है.

नदबई थाना क्षेत्र के लुहासा गांव के निवासी मृतका के पिता ओमप्रकाश ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री प्रियंका की शादी 24 नवंबर 2018 को आकाश के साथ धूमधाम से की थी. शादी में करीब 20 लाख रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद विवाह के बाद से ही प्रियंका को



दहेज की मांग के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा. ओमप्रकाश के अनुसार, आकाश और उसके परिवार द्वारा थार जीप की मांग कर प्रियंका को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जा रहा था. ओमप्रकाश ने बताया कि उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनकी बेटी की मौत हो गई है और ससुराल पक्ष बिना किसी को बताए चुपचाप उसका अंतिम संस्कार कर रहा है.

खेल

## अपने घर में 15 साल बाद भारत को दक्षिण अफ्रीका से मिली हार

# तीन ही दिन में कोलकाता टेस्ट गंवाया

**कोलकाता।** तेम्बा बावुमा की अगुआई वाली दक्षिण अफ्रीका ने शानदार वापसी करते हुए भारत को पहले टेस्ट मैच में 30 रन से हरा दिया है। भारतीय टीम ने पहली पारी में 30 रनों की बढ़त ली थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने गेंदबाजों के दम पर वापसी की और भारत को हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 15 साल में पहली बार भारत को घरेलू जमीन पर टेस्ट मैच गंवाना पड़ा है।

तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी 153 रन पर ऑलआउट हुई थी और उसने 123 रनों की बढ़त लेकर भारत के सामने 124 रनों का लक्ष्य रखा था। भारत की बल्लेबाजी दूसरी पारी में बेहद खराब रही और टीम दूसरे ही सत्र में 93 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि टीम के छह बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच




सके। भारतीय टीम के बल्लेबाज पूरे समय संघर्ष करते नजर आए और पूरे दो सत्र भी बल्लेबाजी नहीं कर सके।

दक्षिण अफ्रीका के लिए इस टेस्ट मैच में जीत हासिल करना विशेष है। उसने इस मैच से पहले आखिरी बार भारतीय जमीन पर फरवरी 2010 में टेस्ट मैच जीता था। उस वक्त टीम ने भारत को पारी और छह रनों से हराया था। इसके बाद उसने भारत के खिलाफ भारत में आठ टेस्ट मैच खेले जिसमें से भारतीय टीम ने सात मैच जीते, जबकि एक ड्रॉ रहा। लेकिन बावुमा की अगुआई में दक्षिण अफ्रीका ने इस तिलिस्म को तोड़ा और 15 वर्षों का सूखा समाप्त करने में सफल रही।

ईडन गार्डेन में टेस्ट में लक्ष्य का पीछा करते हुए टीमें कम ही सफल होती हैं। ईडन गार्डेंस में सबसे सफल लक्ष्य की बात करें तो 2004 में भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 117 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। इसके बाद इस मैदान पर कभी 100 से अधिक रनों का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका है। भारत के पास इस मैच में इस मैदान पर टेस्ट मैच का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का मौका था, लेकिन टीम इसमें सफल नहीं हो सकी।

इस मैच में दक्षिण अफ्रीका जीत दर्ज कर सकी तो उसका सबसे बड़ा कारण कप्तान बावुमा है। भारतीय टीम ने पहली पारी के आधार पर बढ़त ली थी और फिर दूसरी पारी में गेंदबाजों ने मेहमान टीम को सस्ते में रोक दिया था। लेकिन बावुमा टिके रहे और उन्होंने नाबाद अर्धशतक लगाया जिससे टीम भारत के सामने 120+ रन का लक्ष्य रखने में सफल रही। कप्तान के तौर पर वह अब तक अपराजेय चल रहे हैं। उन्होंने 11 टेस्ट मैच में टीम की कमान संभाली है जिसमें से 10 में टीम को जीत मिली है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत बेहद खराब रही थी और टीम ने एक रन के स्कोर पर यशस्वी और केएल राहुल दोनों के विकेट गंवा दिए थे।

सिनेमा

## सनी देओल की इस फिल्म के दौरान नैरोबी में गिरफ्तार हुए थे एक्टर्स, डायरेक्टर बोले- गोली मार देते हैं



सनी देओल दिव्या भारती, नसीरुद्दीन शाह और चंकी पांडे स्टारर 1992 में आई फिल्म विश्वात्मा को ऑडियंस ने पसंद किया था। जबरदस्त एक्शन और डायलॉग के लिए ये फिल्म आज भी याद की जाती है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी शानदार कमाई की थी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म की शूटिंग के दौरान एक्टर्स को नैरोबी पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। उस समय नैरोबी में खुलेआम गोलियां चलाई जाती थीं। एक छोटी सी गलती ने एक्टर्स की जान मुश्किल में डाल दी थी। द फ्राइडे टॉकीज' से बातचीत में डायरेक्टर राजीव राय ने बताया कि फिल्म को विदेश में शूट करने की कोई ख़ास योजना नहीं थी। उन्होंने कहा, "कोई स्पेशल वजह नहीं थी इंटरनेशनल जाने की। कहानी में था कि विलेन भाग जाता है, तो दिलचस्प होता है कि वह विदेश जाता है। अफ्रीका मेरे लिए किफायती था। वहां एक्शन का फ्लेवर भी है और मेरे कुछ कॉन्टैक्ट्स थे। उनसे काफी सपोर्ट मिला।" राजीव ने बताया कि नैरोबी में रात में घूमने पर रोक थी, जो उस समय फिल्म यूनिट के लिए मुश्किल बन गए। उन्होंने कहा, "नैरोबी में रात को घूम नहीं सकते थे। डॉलर साथ ले जाना भी मना था। हमारे दो एक्टर्स रात 2 बजे घूम रहे थे और उन्हें बिना वजह पकड़ लिया गया।

Highlights

1. Delhi AQI crosses 400 as toxic haze persists
2. How did Delhi blast suspects hide terror attack plot?
3. Video claims to show Indian man washing feet in London's River Thames, sparks debate
4. Delhi bomber lived on rent in Nuh for 10 days after fleeing Al-Falah University
5. Car behind Delhi blast was parked at Al Falah university in Oct

# 'It may not be a bad idea': SBI's CS Setty backs another wave of PSU bank mergers

**NEW DEIHI, (Agency).** State Bank of India is supportive of another wave of mergers among public sector banks as policymakers explore ways to build scale and finance growth in the world's fastest-growing major economy.

"Some further rationalisation might make sense. There are still some smaller, sub-scale banks," Challa Sreenivasulu Setty, chairman of the country's biggest bank, said in an interview with Bloomberg News in Mumbai. "If another round happens, it may not be a bad idea," he said.

Mumbai-based SBI controls about one quarter of India's ₹194-lakh crore loan market. A wave of local mergers over the past decade has left 12 state lenders competing with private and foreign players such as HDFC Bank Ltd. and HSBC Holdings Plc. With a balance sheet of $787 billion, SBI dominates the industry, along with its more than



22,500 branches and over 500 million customers.

India is discussing options to create large state lenders, which aligns with the government's need to fund massive infrastructure and industrial projects in Asia's third-largest economy. Prime Minister Narendra Modi has set a target to transform India into a developed economy by 2047. That vision requires bank financing to increase to 130% of GDP from 56% currently, supporting an expected ten-fold increase in GDP to roughly $30 trillion.

Currently, only SBI and HDFC Bank rank in the top 100 global sector list by total assets. China and the US have rivals among the 10 biggest, according to data compiled by Bloomberg.

While China and India have been saddled with some of the steepest US tariffs under President Donald Trump, New Delhi is undertaking reforms including tax cuts to lure foreign investments and take advantage of a rejig in global supply chains.

# Gold prices steady after two days of losses on dwinding US Fed rate cut bets

**NEW DEIHI, (Agency).** Bullion steadied following two days of losses that were spurred by fading optimism the US Federal Reserve will cut interest rates next month.

Gold is still up about 55% this year and remains on target for its best annual performance since 1979. (AFP) Gold is still up about 55% this year and remains on target for its best annual performance since 1979. (AFP) The gold




price was trading slightly below $4,100 an ounce on Monday, having lost more than 2% in the previous session. It edged up 0.1% to $4,088.16/ounce as of 9:04 am in Singapore. The Bloomberg Dollar Spot Index was also up 0.1%. Silver and palladium gained, while platinum was flat. Expectations for another rate cut were scaled back last week as Fed officials showed little conviction for reducing borrowing costs. Lower interest rates typically make non-yielding bullion more appealing to investors. Traders and policymakers are awaiting a backlog of data held up by the longest US government shutdown in history. A six-week absence of reliable statistics on the labour market and inflation in the world's largest economy has made some officials increasingly reluctant to commit to another rate cut next month.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.



# WHO AM I?

# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...

WWW.DETECTIVEGROUP.IN

**Visit our website & Submit your Query...**
**Team will contact you within 24 hrs...**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक